C 41671 (Pages : 8)

# P.G./INTEGRATED PG ENTRANCE EXAMINATION, APRIL 2023

## HINDI LANGUAGE AND LITERATURE/FUNCTIONAL HINDI AND TRANSLATION

Time : Two Hours Maximum : 100 Marks

I. निम्नलिखित बहुविकल्पी प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

1 निम्न लिखित में से कौन-सा नाटक भीष्म साहनी का नहीं है ?

(A) हानूश (B) कबिरा खड़ा बाज़ार में

(C) माधवी (D) आधे अधूरे

2 'एक और चंद्रकांता' उपन्यास किसका है ?

(A) यशपाल (B) देवकी नंदन खत्री

(C) कमलेश्वर (D) जैनेंद्र कुमार

3 रामधारी सिंह दिनकर को किस रचना केलिए ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त हुआ ?

(A) रेणुका (B) उर्वशी

(C) कुरुक्षेत्र (D) बापू

4 'लहर' किसका काव्य है ?

(A) जयशंकर प्रसाद (B) माखनलाल चतुर्वेदी

(C) महादेवी वर्मा (D) मैथिलिशरण गुप्त

5 'सलाम' किस विधा की रचना है ?

(A) रेखाचित्र (B) जीवनी

(C) उपन्यास (D) कहानी

6 Remainder का हिंदी पर्यायवाची शब्द कौन-सा है ?

(A) दस्तावेज़ (B) आदेश

(C) अनुस्मारक (D) परिपत्र

7 'भारत दुर्दशा' किसका नाटक है ?

(A) गोपालचंद्र (B) भारतेंदु हरिश्चन्द्र

(C) सुदर्शन (D) धर्मवीर भारती

8 दंत्य वर्ण चुनकर लिखिए :

(A) थ (B) ज

(C) ब (D) ख

9 कालिदास पर आधारित मोहन राकेश का नाटक कौन-सा है ?

(A) लहरों के राजहंस (B) पैर तले की जमीन

(C) आधे अधूरे (D) आषाढ का एक दिन

10 खड़ीबोली के प्रथम महाकवि कौन है ?

(A) रामधारी सिंह दिनकर (B) जयशंकर प्रसाद

(C) अयोध्यासिंह हरिऔध (D) मैथिलि शरण गुप्त

11 पश्चिमी हिंदी की बोली चुनकर लिखिए :

(A) अवधि (B) बघेली

(C) छतीसढी (D) मागधी

12 'ठंडा लोहा' किसकी रचना है ?

(A) धर्मवीर भारती (B) जयशंकर प्रसाद

(C) सुमित्रानंदन पंत (D) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

13 देवनागरी लिपि का विकास किस लिपि से हुई ?

(A) फारसी लिपि (B) गुरुमुखी लिपि

(C) चित्रलिपि (D) ब्राह्मी लिपि

14 ओमप्रकाश वाल्मीकि का कविता-संग्रह चुनकर लिखिए।

(A) क्रौंच हूँ मैं (B) आजाद हैं हम

(C) सदियों का संताप (D) बयान

15 'भक्तिन' किस विधा की रचना है ?

(A) निबंध (B) रेखाचित्र

(C) कविता (D) डायरी

16 'हिंदी साहित्य का वैज्ञानिक इतिहास' किसने लिखा ?

(A) डॉ. गणपत चंद्र गुप्त (B) डॉ. बच्चन सिंह

(C) डॉ. शिवकुमार शर्मा (D) डॉ. रामकुमार वर्मा

17 'बीसलदेव रासो' का प्रधान रस है ?

(A) हास्य (B) वीर

(C) शांत (D) श्रृंगार

18 ''एक भाषा की पाठ्यसामग्री को दूसरी भाषा की समानार्थक पाठ्यसामग्री द्वारा प्रस्थापित करना अनुवाद कहलाता है —यह किसका कथन है ?

(A) सैमुएल जॉनसन (B) फॉरेस्टर

(C) कैटफ़ोड़ (D) नाईडा

19 'कामायनी' में कितने सर्ग हैं ?

(A) चौदह (B) पन्द्रह

(C) सोलह (D) सत्रह

20 'कवि वचन सुधा' पत्रिका का संपादक कौन है ?

(A) भारतेंदु हरिश्चन्द्र (B) चंद्रधरशर्मा 'गुलेरी'

(C) देवकीनंदन खत्री (D) महावीर प्रसाद द्विवेदी

21 'कामायनी एक रूपक है'—किसने कहा ?

(A) इंद्रनाथ मदान (B) नंददुलारे वाजपेयी

(C) मुक्तिबोध (D) डॉ. नगेंद्र

22 तारसप्तक का संपादक कौन है ?

(A) धूमिल (B) नागार्जुन

(C) अज्ञेय (D) त्रिलोचन

23 प्रसाद ने कितने ऐतिहासिक नाटकों की रचना की ?

(A) दो (B) आठ

(C) नौ (D) तेरह

24 अनुकरण सिद्धांत का प्रवर्तक कौन है ?

(A) अरस्तू (B) प्लेटो

(C) टी.एस. इलियट (D) ड्राईडन

25 निम्नलिखित में से सुमित्रानंदन पंत की रचना कौन-सी है ?

(A) तोडती पत्थर (B) बीती विभावरी जाग री

(C) मुर्झाया फूल (D) परिवर्तन

26 भीष्म सहनी का प्रथम नाटक कौन-सा है ?

(A) मुआवजा (B) माधवी

(C) हानुष (D) कबिरा खड़ा बाज़ार में

27 अर्थ विस्तार का उदाहरण चुनकर लिखिए

(A) जलज (B) तेल

(C) मृग (D) वर

28 'प्रोमोशन' किसकी कहानी है ?

(A) चित्रा मुदुगल (B) कृष्णा अग्निहोत्री

(C) सूर्यबाला (D) निशा चन्द्रा

29 ''वाक्यम रसात्मक काव्य'' किसका उक्ति है ?

(A) आचार्य वामन (B) आचार्य कुंतक

(C) आचार्य दंडी (D) आचार्य विश्वनाथ

30 रीति संप्रदायक के प्रवर्तक कौन है ?

(A) आचार्य उद्भट (B) आचार्य रुद्रट

(C) आचार्य वामन (D) आचार्य आनंदवर्द्धन

31 पूर्व भारतेंदु युग का प्रथम मौलिक हिंदी समाचार पत्र :

(A) हिन्दू हेराल्ड (B) उदंत मार्तंड

(C) बंगाल गजेट (D) बंगदूत

32 "नयन उन्हें हैं निष्ठुर कहते,

पर इनसे जो आँसू बहते,

सदय हृदय वे कैसे सहते" ? यह किस कविता की पंक्ति है ?

(A) सखि वे मुझसे कह कर जाते (B) कामधेनु

(C) मेरे भीतर का कोयल (D) थके हुए कलाकार से

33 निर्मला पुतुल की कविता चुनकर लिखिए

(A) गुमशुदा (B) बच्चे काम पर जा रहे है

(C) पत्थर की बेंच (D) उतनी दूर मत व्याहना बाबा

34 बाबू महेश्नाथ किस कहानी का पात्र है ?

(A) पिता (B) पाजेब

(C) दूध का दाम (D) पर्दा

35 गद्य-पद्य के मिश्रित् काव्य को क्या कहते हैं ?

(A) गद्य काव्य (B) चंपू काव्य

(C) मुक्तक काव्य (D) खंड काव्य

36 "रहिमन पानी रखिए, बिन पानी सब सून

पानी गए न उबरे, मोती मानस चून" ।। इसमें कौन-सा अलंकार है ?

(A) श्लेष (B) यमक

(C) अनुप्रास (D) उपमा

37 "चोर भाग गया जब उसने हमें देखा" । इसका सही अंग्रेज़ी रूपांतरण है ?

(A) The theif run away when he saw us.

(B) The theif ran away when he see us.

(C) The theif ran away then he saw us.

(D) The theif ran away when he saw us.

38 'गाय' कौन सी संज्ञा है ?

(A) व्यक्तिवाचक (B) भाववाचक

(C) जातिवाचक (D) द्रव्यवाचक

39 क्रिया के किस रूप में कर्ता के अनुसार लिंग परिवर्तन नही होता है ?

(A) वर्तमानकालिक रूप में (B) भूतकालिक रूप में

(C) भविष्यकालिक रूप में (D) आज्ञार्थक रूप में

40 'वह धीरे-धीरे पढता है' इस वाक्य में 'धीरे-धीरे' शब्द क्या है ?

(A) क्रिया-विशेषण (B) सर्वनाम

(C) संज्ञा (D) विशेषण

41 निम्मलिखित में से कौन-सा एक विशेषण शब्द नही है ?

(A) लापता (B) लाडला

(C) लजीला (D) लांछन

42 वीर रस का स्थायी भाव क्या है

(A) रति (B) क्रोध

(C) उत्साह (D) हास्य

43 जहाँ उपमेय का निषेध करके उपमान का आरोप किया जाए, वहां कौन सा अलंकार होता है ?

(A) उत्प्रेक्षा अलंकार (B) रूपक अलंकार

(C) संदेह अलंकार (D) उपमा अलंकार

44 Deputation केलिए प्रयुक्त हिंदी शब्द कौन-सा है ?

(A) प्रतिनियुक्ति (B) याचिका

(C) पदेन (D) अनुदान

45 आदेश केलिए प्रयुक्त अंग्रेजी शब्द कौन-सा है ?

(A) Bylaw. (B) Ordinance.

(C) Instruction. (D) Order.

46 1955 में गठित राजभाषा आयोग में कुल कितने सदस्य थे ?

(A) 19. (B) 20.

(C) 21. (D) 22.

47 राजभाषा नियम कब बना ?

(A) 1975. (B) 1976.

(C) 1977. (D) 1978.

48 सहज कहानी का प्रवर्तक कौन है ?

(A) अमृत राय (B) महीप सिंह

(C) कमलेश्वर (D) राकेश वत्स

49 इनमें अशुद्ध वाक्य कौन-सा है ?

(A) पुस्तक मेज़ पर रखी है

(B) यह मेरे सपनों का घर है

(C) दिल्ली भारत की राजधानी है

(D) कच्चे तेल की कीमत घट गया है

50 निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए

(A) उन्नती (B) उनति

(C) उन्नति (D) उनती

(50 × 1 = 50 marks)

II. किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

1 पृथ्वीराज रासो के महाकाव्यत्व पर लेख तैयार कीजिए ।

2 प्रगतिवादी काव्य की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

3 अनुवाद की परिभाषा देकर उसका महत्व निर्धारित कीजिए ।

4 भाषाविज्ञान के प्रकारों का परिचय सविस्तार दीजिए ।

(2 × 15 = 30 marks)

III. किन्हीं **चार** पर टिप्पणियाँ लिखिए :

1 निर्गुण भक्ति काव्यधारा ।

2 छायावाद काव्य में मानवीकरण ।

3 कहानीकार प्रेमचन्द ।

4 स्त्री-पक्षीय उपन्यास ।

5 बिहारी ।

6 पूर्वी हिंदी ।

7 खंड काव्य ।

8 महादेवी के काव्य में वेदना ।

(4 × 5 = 20 marks)